तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 3 मार्च 2026

11 बाजार और चौक-चौराहों पर सजी पिचकारी ...

12 टीएलएम प्रदर्शनी व सम्मान समारोह




## बोर्ड ऑफ विजिटर के सदस्यों ने किया जिला जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अब्दुल जाहिद कुरैशी की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला जेल विजिटर्स बोर्ड के सदस्यों ने आज संयुक्त रूप से जिला जेल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में जेल के अंदर जातिगत भेदभाव की प्रथा नही होना पाया गया है। जेल के समस्त बैरकों में जाकर उपस्थित बंदियों एवं जेल के कर्मचारी एवं अधिकारियों से चर्चा की गई तथा भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य परीक्षण एवं समय-समय पर चिकित्सा प्राप्त होने के संबंध में पूछा गया जो जेल नियमावली के अनुसार उचित होना पाया गया। बंदियों को विधिक सहायता के लिये जेल में लीगल एड क्लिनिक की स्थापना प्राधिकरण के द्वारा की गई है। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्य, पेनल अधिवक्ता, पैरालीगल वालंटियर नियमित रूप से जेल विजिट कर बंदियों से मुलाकात कर इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अमिता जायसवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, उप पुलिस अधीक्षक अपूर्वा सिंह, सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार अवस्थी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### भोजन, स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा व्यवस्था संतोषजनक मिली




### विधिक सेवा साक्षरता कार्यक्रमों का आयोजन

उनके प्रकरणों की जानकारी प्रदान की जा रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के द्वारा समय-समय पर जिला जेल बलौदाबाजार में विधिक सेवा साक्षरता का आयोजन किया जा रहा है। जेल में बंदियों को विधिक सहायता प्राप्त हो सके, इसलिए प्रत्येक बुधवार जेल समीक्षा की जाती है। बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए 'आर्ट ऑफ लिविंग' का कोर्स बंदियों को जेल में कराया जा रहा है, जिससे बंदी अपने आप में बदलाव महसूस कर रहे हैं। बंदियों को साक्षर बनाने के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है।

### 60 पेट्रोलिंग पार्टियां करेंगी गश्त, कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

## होली पर्व पर शहर में 400 जवान रहेंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

इस वर्ष 2 फरवरी को होलिका दहन एवं 4 फरवरी को रंग गुलाल होली का पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु व्यापक स्तर पर सुरक्षा प्रबंध आदेशित किया गया है, जिसके तहत संपूर्ण जिले को 3 अनुविभाग में विभाजित किया गया है। जिसमें बलौदाबाजार सेक्टर में अपूर्वा क्षत्रिय एसडीओपी बलौदाबाजार के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली, पलारी, लवन एवं चौकी करहीबाजार क्षेत्र अंतर्गत थाना एवं चौकी प्रभारी के साथ पुलिस बल के माध्यम से सुरक्षा प्रबंध किया जा रहा है। भाटापारा अनुविभाग की कमान तारेश साहू एसडीओपी भाटापारा के हाथों में है, उनके निर्देशन में थाना भाटापारा शहर, भाटापारा ग्रामीण, सिमगा, सुहेला क्षेत्र में संबंधित थाना प्रभारियों के माध्यम से आवश्यक सुरक्षा प्रबंध हेतु लगातार कार्यवाही संपादित किया जा रहा है।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा के नेतृत्व में बलौदाबाजार शहर में फ्लैग मार्च का भी आयोजन किया गया। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आप सबसे अपील होली पर्व में शांति एवं सुरक्षा प्रबंध बनाए रखने हेतु पुलिस बल का सहयोग करें एवं किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।




### तेज रफ्तार, शराब पीकर वाहन चलाने व हुड़दंग करने वालों पर कार्रवाई

इसी क्रम में थाना कसडोल, राजादेवरी, गिधपुरी, गिधौरी, चौकी गिरौदपुरी, बया, सोनाखान थाना/चौकी क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का दायित्व श्री कौशल किशोर वासनिक उप पुलिस अधीक्षक कैम्प कसडोल के कंधों पर है, उनके निर्देशन में संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारियों के साथ पुलिस बल द्वारा आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किया जा रहा है। साथ ही पूरे जिले में होली पर्व के दौरान अत्यंत तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले, दोपहिया वाहन में तीन सवारी, शराब पीकर वाहन चलाने एवं हुडदंग मचाने वाले व्यक्तियों की चेकिंग कर धरपकड़ के लिए श्री संजय साहू उप पुलिस अधीक्षक यातायात के निर्देशन में 06 महत्वपूर्ण स्थान में नाकाबंदी चेकिंग पॉइंट लगाया गया है। इसके अतिरिक्त संपूर्ण जिले में पुलिस की 22 चारपहिया वाहन पेट्रोलिंग पार्टियों का निर्माण किया गया है, जिनके माध्यम से आज सायं 4 बजे से ही क्षेत्र अंतर्गत लगातार पेट्रोलिंग कर सुरक्षा प्रबंध किया जा रहा है।

### होली पर सख्त निगरानी

होली पर्व में शहर एवं नगर के अंदरूनी इलाकों, गलियों एवं बस्तियों में भी सतत निगरानी रखने एवं सुरक्षा प्रबंध हेतु 38 बाईक पार्टी का निर्माण किया गया है। बाईक पार्टी द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्र की अंदरूनी गलियों, चौक चौराहों में भी लगातार बाइक पेट्रोलिंग का समुचित सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित की जावेगी। जिले में आवश्यक सुरक्षा प्रबंध बनाए रखने एवं लगातार चेकिंग अभियान हेतु 18 महत्वपूर्ण स्थानों का चिन्हांकन कर फिक्स पिकेट्स के रूप में पुलिस बल लगाया गया है। इस दौरान संपूर्ण जिले में होली पर्व के दौरान शांति व्यवस्था एवं समुचित यातायात व्यवस्था हेतु कुल 400 का पुलिस बल विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों में लगाया गया है। होली पर्व के पूर्व पुलिस बल द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी में शांति समिति की बैठक भी आयोजित की गई है, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ एवं सम्माननीय नागरिक गण, सर्व समाज प्रमुखों, ग्राम सरपंच, कोटवार की उपस्थिति में होली पर्व में आपसी समन्वय स्थापित कर, सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्णय लिया गया है।

### होली पर शांति और सौहार्द्र बनाए रखने पर जोर

सोमवार को दोपहर 1 बजे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार द्वारा होली पर्व सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी में लगे सुरक्षा बल को आवश्यक सुरक्षा प्रबंध बनाए रखने के संबंध में निर्देशित करते हुए ब्रीफिंग किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि होली पर्व के दौरान शांति, सद्भाव, आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए पूरी तत्परता एवं तन्मयता के साथ आप सभी अपनी-अपनी ड्यूटी करें।

## घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे की चोरी, दो युवक गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

सुरक्षा के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को ही निशाना बनाने वाले दो चोरों को पलारी पुलिस ने धर दबोचा है। ग्राम कानाकोट में हुई इस चोरी की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आज न्यायालय में पेश किया।

प्रार्थिया निवासी ग्राम कानाकोट कलाबाई डहरिया ने थाना पलारी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12 फरवरी को वह अपने परिवार के साथ कुछ दिनों के लिए ग्राम रसौटा गई हुई थी। जब वह 16 फरवरी को वापस लौटी, तो देखा कि उसके सूने मकान के सामने लगे 2 नग सीसीटीवी कैमरे गायब थे। किसी अज्ञात चोर ने मौका पाकर इन्हें पार कर दिया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के दौरान संदेह के आधार पर दो 20 वर्ष सूरज मारकंडे और 50 वर्षीय जेठू राम भारती निवासी ग्राम कानाकोट को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने स्वीकार किया कि मकान को सूना पाकर उन्होंने ही कैमरे चोरी किए थे। पलारी पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। 2 मार्च को दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

### खबर संक्षेप



#### डाले पलाश की फूट पड़ीं प्रिय छू गया धीरज मेरा

**पलारी।** फाल्गुन माह में पलास का फूल आकर्षक बना है। प्रकृति प्रदत्त इन पलास के फूलों की खूबसूरती सड़क किनारे या खेतों के मेढ़ पर आते जाते लोगों को बरबस आकर्षित कर रही है। प्रकृति प्रेमी इन खूबसूरत नजारे को कैमरे में कैद किये बिना आगे नहीं बढ़ रहे हैं। गौरतलब हो कि कई जगहों पर फाल्गुन मास पर मनाए जाने वाले होली भी बिना कोई रंग गुलाल के सिर्फ पलास के फूलों के सांथ होली खेली जाती है।

#### चाकू दिखाकर डराने धमकाने वाले दो युवक गिरफ्तार




**भाटापारा।** शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर नकेल कसने के अभियान के तहत भाटापारा पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। समाधान सेल के माध्यम से मिली सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो युवकों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के समाधान सेल को सूचना मिली कि सिद्ध बाबा शराब भट्टी के पास दो युवक हाथ में चाकू लहराकर आने-जाने वाले राहगीरों को डरा-धमका रहे हैं। इससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ था। सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस की टीम हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए नगर के केके वार्ड निवासी चंद्रकांत यादव 19 वर्ष और 21 वर्षीय राहुल कुमार बंछोर को पकड़ा। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अलग-अलग प्रकरण पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार किया।

#### होली पर मुखाटों पर लगा प्रतिबंध

**बिलाईगढ़।** जिले में होली के दिन आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब विक्रय पर सख्त कार्रवाई एवं शुष्क दिवस का पालन करेंगे। कानून व्यवस्था में किसी भी प्रकार का विवाद या शांति भंग की स्थिति पर रोकथाम करेंगे। संबंधित तहसीलदार एवं थाना प्रभारी समन्वय के साथ कार्य करेंगे। यातायात सुरक्षा अंतर्गत नशे की हालत में वाहन चलाना, नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन, तीन सवारी बैठना और बिना हेलमेट वाहन चलाना एवं मुखौटा लगाकर घूमना प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र में वार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए बिना अनुमति के डीजे का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। फूहड़, भड़काऊ एवं धर्म विशेष पर टिप्पणीकारी गीतों पर रोक रहेगी। आपातकालीन सेवा में स्वास्थ्य विभाग ▶▶ शेष पेज 11 पर

## पुलिस ने 6 जुआरियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी






क्षेत्र में समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी क्रम में समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा दतान रोड खेत पलारी में जुआ खेलते हुए 6 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जुआरियों से नगदी रकम 45,250 एवं 52 पत्ती ताश जब्त की है। साथ ही आरोपियों से 3 बाइक, एक कार एवं 5 नग मोबाइल भी जब्त किया गया ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ 5,57,250 कीमत मूल्य का समान किया बरामद

## बारनवापारा में पीठ पर शावकों को बैठाकर घूमती दिखी मादा भालू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिले के बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में इन दिनों प्रकृति का अद्भुत और मनमोहक दृश्य देखने को मिल रहा है। अभयारण्य में एक मादा भालू अपने दो नन्हे शावकों को पीठ पर बैठाकर जंगल की सैर कराती नजर आ रही है। इस अनोखे पल को वहां मौजूद पर्यटकों ने अपने कैमरों में कैद कर लिया, जिसका वीडियो अब तेजी से चर्चा में है। घने साल और सागौन के पेड़ों के बीच, सूखे पत्तों की सरसराहट के साथ जब मादा भालू अपने दोनों शावकों को पीठ पर सवार किए आगे बढ़ती है, तो यह दृश्य किसी जंगल सफारी फिल्म जैसा प्रतीत होता है। सफारी पर निकले सैलानी इस नजारे को देखकर रोमांचित हो उठते हैं।

वन्यजीव प्रेमियों के लिए यह दृश्य न केवल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, बल्कि मां और बच्चों के स्नेह का अद्भुत उदाहरण भी पेश कर रहा है। ▶▶ शेष पेज 11 पर

### पीएम आवास योजना में फर्जीवाड़ा

## पुराने मकान को नया बताकर निकाली राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

सिमगा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत लावर में प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में नियमों की जमकर धज्जियां उड़ने का मामला सामने आया है। आरोप है कि योजना के तहत न केवल स्थान बदलकर अवैध जमीन पर निर्माण किया गया, बल्कि डेढ़ साल पुराने मकान को नया दिखाकर सरकारी राशि का आहरण भी कर लिया गया।

सिमगा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत लावर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाये गए आवास में सभी नियमों को ताक में रख कर डेढ साल पुराने मकान को जिसका जियो ट्रैक स्थान से 700 मीटर दूर में वार्ड क्रमांक 04 में किया गया था, किंतु निर्माण वार्ड क्रमांक 8 में अवैध कब्जा कर अवैध जगह पर किया गया है, जिसकी शिकायत पर जांच अधिकारी दुर्गेश साहू एवं किरण वर्मा के साथ ग्राम पंचायत लावर पहुंचे जहां पर सरपंच योगेश नेताम, सचिव श्रवण वर्मा, एवं रोजगार सहायिका निर्मला ध्रुव का लिखित बयान दर्ज कर आवास मित्र से जानकारी लेकर आगे कारवाही किया जाना सुनिश्चित किया।

### जांच जारी है

जियो ट्रैक स्थल पर होना था निर्माण जहां पर जियो ट्रैक हुआ, वहीं निर्माण करना है, पुराने मकान को दिखाकर राशि निकालना गलत है जांच जारी है, जांच के उपरांत कारवाही किया जाएगा।

**-युगल वर्मा,**
आवास शाखा- अधिकारी


### दो किस्त की राशि निकाली गई

वहीं शिकायत कर्ता कल्याण सिंह ध्रुव ने जांच अधिकारी की जांच प्रक्रिया में शिथिलता को देखते हुए नाराजगी व्यक्त की। वही शिकायत कर्ता ने कहा कि मेरे से सभी शिकायत की आधार सबूत मांगा गया, किंतु अनावेदक से किस आधार पर डेढ़ साल पुराना मकान को नया दिखाकर दो किस्त की राशि निकाली गई जिसकी दस्तावेज नहीं दिखाई और नहीं जमा करवाई। अब देखना यह होगा कि कब तक कार्यवाही पूर्ण होती है और क्या कार्यवाही होती है?

### अकेली महिलाओं को सुनसान राह पर बनाता था शिकार

## लिफ्ट के बहाने महिलाओं से लूट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





जिले के सुहेला, हथबंद और सिमगा क्षेत्र में दहशत का पर्याय बन चुका शातिर लिफ्ट लुटेरा आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। चेहरे पर स्कार्फ बांधकर मदद के बहाने लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले इस आरोपी को तीन थानों की संयुक्त टीम ने तकनीकी विश्लेषण के बाद गिरफ्तार किया है।

वारदात का सिलसिला 7 फरवरी को तब शुरू हुआ जब ग्राम बुडगहन निवासी 50 वर्षीय खेमेश्वरी वर्मा अपने मायके से लौट रही थीं। रास्ते में उन्होंने एक बाइक सवार से लिफ्ट मांगी। चालक ने चेहरे को स्कार्फ से ढका था। ग्राम भटभेरा के पास एक नर्सरी के समीप सुनसान जगह देखकर आरोपी ने अपना असली रंग दिखाया और महिला को डरा-धमकाकर उनके सोने-चांदी के जेवर व नगदी लूटकर फरार हो गया।

जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी ने इसी मोडस ऑपरेंडी (काम करने के तरीके) का इस्तेमाल कर सिमगा, हथबंद और सुहेला रोड के बीच तीन अन्य महिलाओं को भी अपना निशाना बनाया था। वह हमेशा सुनसान सड़क पर सवारी का इंतज़ार कर रही अकेली महिलाओं को ही अपना शिकार चुनता था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश पर थाना सुहेला, हथबंद और साइबर सेल की संयुक्त टीम बनाई गई। पुलिस ने सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगाले, ढाबों और दुकानों पर पूछताछ की, तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर 41 वर्षीय मनोज जोशी को हिरासत में लिया।

### 3 लाख का माल बरामद

पूछताछ में आरोपी ने सभी वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी पिछले 7-8 वर्षों से भिलाई में रह रहा था और उसके विरुद्ध दुर्ग जिले में चोरी के 5 पुराने मामले भी दर्ज हैं। वारदात में इस्तेमाल बाइक भी दुर्ग से चोरी की गई थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3 लाख रुपये मूल्य का मशरूका बरामद किया है, जिसमें 1.50 लाख के सोने-चांदी के जेवर, 78 हजार नगद, एक चोरी की मोटरसाइकिल और 03 मोबाइल फोन और डराने के लिए उपयोग किया जाने वाला पेंचिस शामिल है।

## खबर संक्षेप

### कॉलेज में लगा रक्त जागरूकता शिविर



**बलौदाबाजार।** शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर के यूथ रेड क्रॉस इकाई एवं नया सवेरा जन कल्याण समिति के तत्वावधान में रक्त जागरूकता शिविर एवं डाइट जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य ए.आर.सी.जेम्स के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम में राजेश तिवारी के द्वारा रक्तदान के लाभ और संतुलित आहार के बारे में जानकारी दिया गया। लता साहू, नया सवेरा के अध्यक्ष और उनके टीम नया सवेरा जन कल्याण के द्वारा रक्तदान पी.सी.ओ.डी. महिलाओं से संबंधित रोग बचाव व निदान पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया।

### शहीद स्मारक में होली पर्व पर गंदगी नहीं करने का निर्णय

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक के आसपास जगह पर होली पर्व पर स्मारक की गरिमा और पवित्रता बनाए रखने के लिए वहां रंग-गुलाल न खेलने का निर्णय लिया है। यह शहीदों के सर्वोच्च बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त करता है। शहीद स्मारक भारत देश के सपूतों की याद दिलाते हैं। सुरक्षा व स्वच्छताः रंग-गुलाल से स्मारक गंदे हो सकते हैं और वहां सुरक्षा के लिहाज से भी रंग खेलना उचित नहीं है। शांतिपूर्ण उत्सव, लोगों ने इन जगहों पर शहीदों को श्रद्धांजलि करते हैं।

### पेंशनधारी कल्याण संघ का होली मिलन 5 को

**महासमुंद।** पेंशनधारी कल्याण संघ जिला महासमुंद की नियमित मासिक बैठक 05 मार्च 2026 गुरुवार को दोपहर 2 बजे पेंशन भवन महासमुंद में आहूत की गई है। बैठक में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रंगों के पावन पर्व होली के उपलक्ष्य में होली मिलन एवं फाग उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य सभी सदस्यों के मध्य आपसी प्रेम, सौहार्द्र एवं भाईचारे को सुदृढ़ करना है। बैठक में नव-नियुक्त/नए सदस्यों का स्वागत एवं सम्मान, होली मिलन एवं फाग उत्सव का आयोजन तथा अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

**आयोजन : ठाकुरदियाखुर्द में राम मंदिर के लिए डिप्टी सीएम ने किया भूमिपूजन**

# भारतीय संस्कृति और मर्यादा के प्रतीक है भगवान श्रीराम: विजय






हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ठाकुरदिया खुर्द में सामाजिक भवन एवं पिथौरा में जनपद पंचायत सभा भवन निर्माण की घोषणा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा जिले के ठाकुरदिया खुर्द में आयोजित राम मंदिर के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी गई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति और मर्यादा के प्रतीक हैं तथा राम मंदिर का निर्माण समाज की आस्था और एकता का प्रतीक है।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अयोध्या में निर्मित श्रीराम मंदिर सनातन समाज के संकल्प और आस्था की अद्भुत मिसाल है। उसी प्रेरणा से गांव-गांव में धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का विकास होना चाहिए। अयोध्या के भगवान राम के मंदिर से ईंट लेकर इस मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। अयोध्या का श्रीराम मंदिर अपने आप में विशेष है, वह सनातनी मान बिंदु है, कई आक्रांता आए और हमारे मंदिरों को छिन्न भिन्न कर दिया था, उस समय समाज के लोगों ने संकल्प लिया होगा और 500 साल बाद राम मंदिर फिर भव्य रूप में बनकर खड़ा है। आज इस मंदिर का निर्माण का प्रारम्भ अयोध्या से लाई ईंट से हो रहा जो बहुत अद्भुत है। संकल्प लेकर मंदिर निर्माण का कार्य समय पर पूरा करें। उन्होंने मंदिर के लिए समाज द्वारा प्रदान किए गए दान की भी सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने ठाकुरदिया खुर्द में 20 लाख रुपए की लागत से सामाजिक भवन तथा पिथौरा जनपद पंचायत में 25 लाख रुपए की लागत से सभा भवन निर्माण की घोषणा भी की।

इस अवसर पर उमेशानंद गिरी महाराज, कृष्णानंद गिरी महाराज, सांसद रूपकुमारी चौधरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री आंद्र प्रदेश अमर सिंग तिलावत, जिला भाजपा अध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे, जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमन वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष बाला चंद्राकर, आयोजन समिति के अजय नायक उपस्थित रहे।



### नपाध्यक्ष ने किया सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड क्रमांक 25 सुभाष नगर में चल रहे रंगमंच सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्य को गुणवत्तापूर्ण तथा समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि कार्य पारदर्शिता पूर्ण हो तथा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के विशेष प्रयासों से पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली निर्माण सहित सार्वजिनक स्थलों का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है, जिसका समय-समय पर निरीक्षण कर अध्यक्ष द्वारा कार्यों की गति व गुणवत्ता जांच की जा रही है। साहू के संवेदनशील प्रयासों से पालिका क्षेत्र के नागिरकों को सफाई, पेयजल व मूलभूत सुविधाओं की सुगमता से उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है। इस अवसर पर विभाग प्रभारी व कर्मचारी गण उपस्थित थे।



### ईमलीभाठा के रावण भाठा मैदान में हुआ बोर खनन

**महासमुंद।** वार्ड क्रमांक 2 इमलीभाठा स्थित रावण भाठा मैदान के समीप पार्षद निधि से बोर खनन का भूमिपूजन नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड पार्षद एवं सभापति जय देवांगन, सभापति गुलशन साहू, पार्षदद्वय माखन पटेल, धनेन्द्र चंद्राकर (विक्की) ने किया। अब आसपास पानी की किल्लत दूर हो जाएगी। नपा उपाध्यक्ष देवीचंद ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखकर पालिका द्वारा जरूरत वाले स्थानों पर पार्षदों के निर्देश पर बोर खनन कराया जा रहा है। वार्ड पार्षद जय देवांगन ने कहा कि पानी को बेकार न जाने दिया जाए जितनी जरूरत है उतना ही लें। इस बोर में शीघ्र मोटर लगाया जाएगा। बोर खनन में आसपास के नागरिक भी उपस्थित थे।





### लमकेनी में टीएलएम एवं शिक्षक सम्मान समारोह

**तेंदूकोना।** संकुल केंद्र लमकेनी में बीते दिन टीएलएम प्रतियोगिता एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें सभी शिक्षक अपने अपने शाला से टीएलएम निर्माण कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर बालक बालिकाओं ने टीएलएम उपयोगिता के बारे में बताया। इस दौरान संकुल के सभी स्कूल से प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुए। जिसमें प्रथम स्थान शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सम्हर, द्वितीय स्थान पूर्व माध्यमिक शाला लमकेनी। इसी तरह प्राथमिक स्तर पर प्रथम स्थान प्राथमिक शाला धरमपुर एवं द्वितीय स्थान शासकीय प्राथमिक शाला सराईपाली ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सभी शिक्षक, शिक्षिका एवं बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता रेखराज दीवान, व्याख्याता हरेंद्र साहू, संकुल समन्वयक गैंदराम ठाकुर, शिक्षक ज्ञान सिंह ठाकुर, अनिल चक्रधारी, पीतांबर सिंह नायक, गजेंद फूटान, घनश्याम चक्रधारी, केवल दास साहू, पूनम, अंजु दीवान, मोहर सिंह मरकाम, लीला राम दीवान, आरती ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## आजीविका संवर्धन प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

ग्रामीण महिलाओं के कौशल विकास और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट संयंत्र ने पहल की है। संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा स्थानीय महिलाओं के लिए आजीविका संवर्धन प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया है।

इकाई प्रमुख सुभाषचंद्र बसेर ने दीप प्रज्वलित कर केंद्र का शुभारंभ किया। उन्होंने महिलाओं को स्वयं आत्मनिर्भर बनने और दूसरों को प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया।



केंद्र में महिलाओं को पेटीकोट, नाइटी और स्कूल ड्रेस सिलाई सहित अन्य रोजगारपरक कौशलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सीएसआर प्रबंधक वैभव त्रिपाठी ने बताया कि केंद्र में बिजली से संचालित आधुनिक सिलाई मशीनें लगाई गई हैं। प्रशासनिक प्रमुख रणजीत सिंह नैनवाल के अनुसार, एक पुराने भवन को आधुनिक स्वरूप देकर यह केंद्र तैयार किया गया है।

## मरार समाज का वार्षिक अधिवेशन, सीआरपीएफ में चयनित उगेश एवं शिक्षा के सितारों का हुआ सम्मान



**नर्रा।** मरार समाज नर्राराज के वार्षिक अधिवेशन ग्राम नर्रा के पटेल भवन में आयोजित की गई। इसकी शुरुआत मां शांकभरी देवी की पूजा अर्चन समाज के वरिष्ठ पदुमलाल पटेल द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण कर विधिवत किया। पश्चात सभा को संचालित करने के लिए अनुशासन नियंत्रण के लिए पदुमलाल पटेल को सभापति बनाया गया। सभापति एक अंपायर की तरह होता है। सभी समाज प्रमुखों का स्वागत अक्षत, रोली, चंदन, बंदन से हुआ। बाद सभापति के निर्देशानुसार समाज के मेधावी छात्र कक्षा 10वीं और 12 वीं में 65 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभावान छात्रों को मोमेटों और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विशेष उपलब्धि समाज के उगेश पटेल पिता बनाराम ग्राम बनियातोरा ने सरकारी सेवा केंद्रीय रिजर्व बल पुलिस के लिए चयनित होकर वे समाज के नाम रोशन किया है। सभापति ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे हमारा समाज सशक्त बनेगा, आज के बच्चों कल का नेतृत्वकर्ता बताया। इसके बाद सभापति के निर्देशानुसार समाज पदाधिकारीयों के पंचवर्षीय कार्यकाल समाप्त होने पर फिर से नए संगठन के सुचारू संचालन के लिए मुख्य पदों पर पुराने पदाधिकारियों के नेतृत्व को बरकरार रखा गया है। कुछ सदस्यों को उनके पदों पर यथावत रखा गया है। संगठन के विस्तार के लिए योग्य सदस्यों को नई जिम्मेदारी दी गई।

पदाधिकारी में संयोजक लोचन पटेल, संरक्षक सेतराम पटेल, नवीन पटेल, अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष माखनलाल पटेल, उपाध्यक्ष दुकालु राम, राधेश्याम पटेल, संगठन महामंत्री पदुमलाल पटेल, महासचिव नेतराम पटेल, सहायक सचिव ललित पटेल, संचालन चंदन पटेल, कोषाध्यक्ष परमेश्वर पटेल, उप कोषाध्यक्ष लक्ष्मण दयाराम एवतराम, सलाहकार जगदीश पटेल, गणेश लीलाराम, लक्ष्मीनारायण, जागेश्वर, संतराम मुरली, शुक्ला दुकालुराम, राजनीति प्रकोष्ठ गोपाल किशन पटेल, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष कृष्णचंद, सदाराम पटेल, प्रवक्ता परमेश्वर पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष लोकनाथ पटेल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रभा पटेल, उपाध्यक्ष प्रमिला पटेल, सचिव अमोतिन पटेल, पंच मनिहार, कपूरचंद, मेघराज, तेजराम, छबीलाल, यादराम, भेखलाल, अमर सिंह, भागीरथी, उत्तम, पुसउराम, ईश्वर, लखन, रामरतन आदि उपस्थित रहे।

## पत्रकार कल्याण महासंघ बसना ब्लॉक इकाई की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



पत्रकार कल्याण महासंघ की बसना ब्लॉक इकाई की मासिक बैठक उत्साहपूर्ण वातावरण में हुई। बैठक में संगठन की विभिन्न गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों एवं संगठन को मजबूत बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर अरुण साहू को जिला संगठन सचिव एवं देशराज दास ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उपस्थित सदस्यों द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि अरुण साहू की सक्रियता, संगठन के प्रति समर्पण और पत्रकार हितों के लिए निरंतर प्रयास को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में संगठन की एकता और मजबूती पर विशेष जोर देते हुए "सब एक के लिए और एक सबके लिए" का नारा बुलंद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारों के हित, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए संगठनात्मक एकजुटता आवश्यक है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सेवक दास दीवान, प्रदेश सचिव ऋषिकेशन दास एवं जिला महासचिव अभय धृतलहरे सहित सभी ब्लॉक इकाइयों के सदस्य उपस्थित रहे। अंत में संगठन को आगे बढ़ाने, पत्रकारों की समस्याओं के समाधान एवं भविष्य की कार्ययोजना को लेकर सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया।

## चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज उपक्षेत्र बेमचा का हुआ वार्षिक अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज उपक्षेत्र बेमचा का वार्षिक अधिवेशन (आमसभा) का आयोजन 1 मार्च रविवार को प्रातः 11 बजे प्राथमिक शाला परिसर कौंदकेरा में किया गया। मुख्य अतिथि राहुल चंद्राकर अध्यक्ष चंद्रनाहू शिक्षण समिति उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में हुलसी जितेंद्र चंद्राकर (जनपद उपाध्यक्ष), डॉ. रश्मि चंद्राकर (पूर्व अध्यक्ष), डॉ. रामस्वरूप चंद्राकर (पूर्व राज अध्यक्ष), सुधा योगेश्वर चंद्राकर (जनपद सदस्य) की उपस्थिति रही। उपक्षेत्र बेमचा के 10 गांवों के कुर्मी समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक जन बड़ी संख्या में शामिल हुए।




कार्यक्रम में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समाज के बच्चों ने अपने उत्कृष्ट परिणामों से समाज का नाम रोशन किया है। बैठक में शिक्षा, सामाजिक एकता, संस्कार, विवाह एवं विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से संस्कार की कमी को दूर करने पर जोर दिया गया। स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए उपक्षेत्र में टीम गठित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही विवाह संबंधी शुद्धता प्रमाण पत्र की अनिवार्यता के नियमों को रद्द करने के लिए राज एवं केंद्र से मांग करने का प्रस्ताव पारित किया गया। समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। अंत में उपक्षेत्र बेमचा के अध्यक्ष देवदत्त चंद्राकर ने आभार प्रदर्शन किया। कुर्मी समाज खरोरा के मीडिया प्रभारी मुकेश चंद्राकर ने सभी को 7–8 मार्च को पारा गांव में आयोजित रायपुर राज अधिवेशन में शामिल होने की अपील की। जानकारी उपक्षेत्र बेमचा के सचिव हेमेंद्र हेमू चंद्राकर ने दी है।

## विभागीय लापरवाही के चलते युवा भालू की मौत, अंकित ने की कार्रवाई की मांग


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने

- **भाजपा शासन में इंसान, किसान के बाद अब जानवर भी सुरक्षित नहीं**

बताया कि विगत तीन दिनों से बीमार, व्यथित, परेशान 8 वर्षीय भालू ने बागबाहरा नगर सीमा के अंदर विभागीय लापरवाही से अपने प्राण त्याग दिए।

अंकित ने बताया कि भारत और खासकर मध्य भारत के भालू जो कि स्लॉथ भालू या काला भालू कहलाते है कि औसत उम्र 25 वर्ष होती है और यदि वो पिंजरे में समुचित देखभाल के साथ रहे तो लगभग 40 साल भी जी जाते हैं। परंतु, बागबाहरा में वन विभाग की लापरवाही,



नजरअंदाज करने के कारण समय में समुचित इलाज के अभाव में एक 8 वर्षीय भालू अकाल मौत के गाल में समा गया। अंकित ने बताया कि समय पर नगरवासियों के द्वारा वन विभाग को सूचित किया गया था व वन विभाग की टीम भी मौके पर बनी रही और तो और एसडीओ गोविंद सिंह ने भी भालू का मुआयना किया था। फिर भी उसकी स्थिति का सही आंकलन नहीं होने के कारण वो तीन दिन तक तड़प-तड़प कर मौत के गाल में समा गया।

अंकित ने बताया कि भारतीय वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम 1972 के अनुसार भालू अनुसूची 1 में सूचीबद्ध है और धीरे धीरे लुप्तप्राय प्रजातियों में शामिल है, ऐसे में समय पर उसे रेस्क्यू ना कर समय और इलाज ना होने से उसकी मृत्यु हो जाना प्रतीत होता है। इस कारण इसकी समुचित विभागीय जांच कर जिम्मेदार अधिकारी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग अंकित ने पत्र के माध्यम से डीएफओ महासमुंद से की है। अंकित ने बताया कि इसकी जानकारी उनके द्वारा पीसीसीएफ को भी दी जाएगी व साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी दी जाएगी। अंकित ने कहा कि जब से इस प्रदेश में भाजपा सत्ता में आई है तब से इंसान, किसान के साथ साथ अब जानवर भी असुरक्षित हैं।

## राज्य नीति आयोग उपाध्यक्ष गणेश शंकर मिश्रा पहुंचे मुरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

- **स्वागत में ग्रामीणों ने लड्डुओं से तौला**

प्रतिभा का सम्मान क्षेत्र का मान की थीम पर राज्य नीति आयोग के नवनियुक्त उपाध्यक्षगणेश शंकर मिश्रा के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम एक बड़े जन-उत्सव में बदल गया। पेंड्रावन स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद सैकड़ों युवाओं की बाइक रैली और विशाल कार काफिले के साथ वे अपने गृह ग्राम मुरा पहुंचे।

खरोरा के अटल चौक और दीनदयाल चौक पर उमड़ी भारी भीड़ और पुष्प वर्षा के कारण कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बनी रही। मिश्रा ने गुरुद्वारे और महामाया मंदिर में भी मत्था टेका। गृह ग्राम मुरा में पिता (स्वतंत्रता सेनानी पं. लखनलाल मिश्रा) की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए वे भावुक हो उठे। ग्रामीणों ने उन्हें उनके वजन के बराबर लड्डुओं से तौलकर सम्मानित किया। करीब एक घंटे तक आतिशबाजी के बीच महिलाओं ने सड़क पर फूल बिछाकर उनका स्वागत किया।



कार्यक्रम में मछुआ कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष डॉ. लखनलाल धीवर और जिला पंचायत सदस्य सोना वर्मा ने मिश्रा को क्षेत्र का गौरव बताते हुए उनकी नियुक्ति को प्रदेश के विकास के लिए सकारात्मक कदम बताया। अपने संबोधन में गणेश शंकर मिश्रा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने परिवार के बीच आशीर्वाद लेने आए हैं और यह नया दायित्व प्रदेश सेवा का एक बड़ा अवसर है।

इस दौरान रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, खरोरा अध्यक्ष अनिल सोनी सहित 20-25 गांवों के सरपंच, जनप्रतिनिधि और हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### झेरिया धोबी समाज तरेंगाराज का वार्षिक महाधिवेशन 7 से

**भाटापारा।** झेरिया धोबी समाज तरेंगाराज की वार्षिक महाधिवेशन 7 व 8 मार्च को मावली सिंगारपुर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में दोपहर 3 बजे से रखा गया है। झेरिया धोबी समाज तरेंगाराज के मंच संचालक गन्नू लाल रजक देवरी भाटापारा ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक एवं अध्यक्षता प्रहलाद रजक अध्यक्ष रजक कल्याण बोर्ड, अतिविशिष्ट अतिथि राजा जायसवाल सभापति जिला पंचायत, मनोज निर्मलकर प्रदेशाध्यक्ष धोबी समाज, पुरूषोत्तम रजक संभागीय अध्यक्ष बिलासपुर संभाग व प्रदेश उपाध्यक्ष धोबी समाज, राम रजक प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार भाटापारा धोबी, कृष्ण कुमार निर्मलकर प्रदेश महासचिव धोबी समाज, झड़ी राम कन्नौजे केंद्रीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कन्नौजे धोबी समाज व संरक्षक प्रदेश धोबी समाज, निर्मला रजक प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ धोबी समाज एवं कनक मनहरे सरपंच सिंगारपुर होंगे। बैठक में प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान, अधिवेशन में समाज की वर्तमान आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर विचार विमर्श होगा तथा समाज के विकास और उत्थान के लिए आगामी कार्य योजना पर विचार एवं एक निश्चित विधान व नियम की रूपरेखा के साथ ही विभिन्न सामाजिक समस्याओं का निराकरण किया जाएग।

### 4 को बरदिहा वाली छत्तीसगढ़िया होली

**धमतरी।** गंगरेल स्थित बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट में बरदिहा वाली छत्तीसगढ़िया होली का आयोजन किया गया है। रिसोर्ट के मैनेजर सुमंतकुमार ने बताया कि गंगरेल स्थित बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट में 4 फरवरी बुधवार को सुबह 10 बजे से शाम तक बरदिहा वाली छत्तीसगढ़िया होली का आयोजन किया गया है जिसमें रैन डांस, रंगों की होली, डीजे सहित छत्तीसगढ़िया पकवानों के साथ ग्रांड बफे की व्यवस्था रहेगी।

## पेज 9 के शेष

### पुलिस ने 6 ...

है। संपूर्ण प्रकरण में पुलिस टीम द्वारा आरोपी जुआरियों से कुल 5,57,250 कीमत मूल्य का समान बरामद किया गया है आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना पलारी में छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। इसमें महेंद्र वर्मा 36 साल, राजा धीरहे 36 साल, गुरुदत्त वर्मा 67 साल, शिवम वर्मा उर्फ कथरी 34 साल, अशोक धृतलहरे 26 साल और लोकेश कन्नौजे 35 साल सभी आरोपी पलारी शामिल हैं।

### बारनवापारा में पीठ ...

अभयारण्य में इन दिनों पर्यटकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है, क्योंकि ऐसे दुर्लभ और स्वाभाविक क्षण कम ही देखने को मिलते हैं। प्रकृति की गोद में कैद यह दृश्य एक बार फिर साबित करता है कि जंगल की दुनिया अपने भीतर कितने अनमोल और भावुक पल समेटे हुए है।

### होली पर मुखौटों

आपातकालीन स्थिति हेतु तैयार रहे। अग्निशमन और पानी के टैंकरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बुनियादी सुविधा अंतर्गत त्यौहार के दौरान निर्वाध विद्युत आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट और नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। होली व होलिका दहन से शासकीय संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचे यह ध्यान रखना होगा। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष पुलिस गश्त लगाई जाएगी। सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान जैसे क्षेत्रों में असामाजिक गतिविधियों को रोकने हेतु बैरिकेटिंग की जाएगी।

**पर्व :** धान राशि मिलने से बाजार की बढ़ी रौनक

# बाजार और चौक-चौराहों पर सजीं पिचकारी और गुलाल की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल



4 मार्च को होली का पर्व पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर और शुभकामनाएं देकर लोग शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की तैयारी में जुटे हैं। जैसे-जैसे होली नजदीक आ रही है, बाजार पूरी तरह रंगों में सराबोर नजर आ रहा है।

नगर के पुराना बस स्टैंड क्षेत्र सहित प्रमुख बाजारों और चौक-चौराहों पर रंग-बिरंगी पिचकारियां और गुलाल से सजी दुकानें ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। इस वर्ष किसानों के खरीफ फसल बोनस की राशि होली से पहले सीधे उनके खातों में ट्रांसफर कर दी गई है, जिससे बाजार में रौनक बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

इस बार बाजार में हर्बल और स्किन-फ्रेंडली गुलाल की मांग तेजी से बढ़ी है। दुकानदारों के अनुसार, लोग त्वचा और आंखों की सुरक्षा को लेकर पहले से अधिक जागरूक हो गए हैं। रासायनिक रंगों की बजाय फूलों से बने सुगंधित और प्राकृतिक गुलाल को प्राथमिकता दी जा रही है। गुलाबी, पीला, हरा, नीला और केसरिया जैसे पारंपरिक रंगों के साथ-साथ सिल्वर और गोल्डन शेड्स भी उपलब्ध हैं। छोटे पैकेट से लेकर बड़े पारिवारिक पैक तक हर बजट के अनुरूप विकल्प मौजूद हैं। दुकानदार धनेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि ग्राहक विशेषकर बच्चों के लिए अलग से हर्बल रंग खरीद रहे हैं।

बच्चों के बीच कार्टून थीम, टैंक शेप और गन पिचकारियां खासा लोकप्रिय हो रही हैं। दुकानों के बाहर सजी आकर्षक पिचकारियां बच्चों को लुभा रही हैं। कई परिवारों ने बताया कि होली उनके लिए केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि रिश्तों को मजबूत करने का अवसर भी है।



## होली को लेकर बाजार में दिखा उत्साह

**हथबंद।** रंगों के पावन पर्व होली को लेकर हथबंद बाजार में इस समय गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजार की सड़कों पर दूर-दूर तक रंग-बिरंगी दुकानों की कतारें सजी हुई हैं। लाल, पीले, हरे और गुलाबी गुलाल के ढेर, नई डिजाइन की पिचकारियां और बच्चों के आकर्षक खिलौने हर किसी को अपनी ओर खींच रहे हैं। होली के अवसर पर नगरवासियों द्वारा दुकानें लगाई गई हैं। इन दुकानों में हर्बल गुलाल, अबीर, रंगीन गुब्बारे, मुखौटे और अन्य होली सामग्री उपलब्ध है। दुकानों को रंगीन कपड़ों और सजावटी झालरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जिससे पूरा बाजार उत्सवमय दिखाई दे रहा है।

शाम के समय बाजार में खरीदारों की भीड़ बढ़ जाती है। बच्चे उत्साह के साथ पिचकारी और रंग चुनते नजर आते हैं, वहीं महिलाएं सुरक्षित और त्वचा के अनुकूल रंगों की खरीदारी कर रही हैं। दुकानदारों के अनुसार इस वर्ष बिक्री अच्छी चल रही है और लोगों में त्योहार को लेकर खासा उत्साह है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ऐसे आयोजनों से न केवल त्योहार की रौनक बढ़ती है, बल्कि छोटे व्यापारियों को भी अच्छा लाभ मिलता है। कुल मिलाकर, हथबंद इस समय पूरी तरह होली के रंग में रंगा हुआ है और हर ओर उल्लास, उमंग और भाईचारे का संदेश दिखाई दे रहा है।

## स्व सहायता समूह हर्बल गुलाल बनाकर बन रहीं आत्मनिर्भर



**बलौदाबाजार।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महिलाएं अब सशक्तिकरण की नई मिसाल पेश कर रही हैं। इसी कड़ी में जिले के ग्राम धमनी की वंदनी स्व सहायता समूह की 11 महिलाएं हर्बल गुलाल के निर्माण से अपनी तकदीर बदल रही हैं। बिहान योजना के मार्गदर्शन में समूह की दीदियां प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर शुद्ध हर्बल गुलाल तैयार कर रही हैं, जिसे बाजारों में स्टॉल लगाकर बेचा जा रहा है। समूह की महिलाओं का कहना है कि पहले वे केवल घर के कामों तक सीमित थीं, लेकिन राज्य सरकार की मदद और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना से जुड़ने के बाद उन्हें एक नई पहचान मिली है। बाजार में उनके द्वारा बनाए गए गुलाल की भारी मांग है, जिससे होने वाली आय से न केवल उनकी आजीविका सुदृढ़ हो रही है, बल्कि वे आर्थिक रूप से पूरी तरह आत्मनिर्भर भी हो रही हैं। महिलाओं ने इस सकारात्मक बदलाव और अपने पैरों पर खड़े होने के अवसर के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की इन योजनाओं ने उनके जीवन में खुशहाली के नए रंग भर दिए हैं।

## अंचल में होली पर्व का जश्न...



**भैंसा।** रंगों के पर्व होली को लेकर हर जगह धूम का माहौल है। बाजारों में होली की खरीदारी को लेकर चहल पहल बढ़ी है। लोग बड़े पैमाने पर होली ही तैयारियों में जुटे हैं, जिसमें लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। रंग पिचकारी, गुलाल, की जम कर खरीदारी में बच्चे बड़े सभी जुटे हुए हैं ।

## श्री राम को आदर्श मानकर मानव जीवन को कृतार्थ करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



कृषि ऊपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुशील शर्मा ग्राम रामपुर में आयोजित 5 दिवसीय रामायण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सुशील शर्मा का बाजे गाजे के साथ स्वागत किया। सुशील शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपना कर मानव को इस कलयुगी समय में अपने जीवन को कृतार्थ करना चाहिये। विधि के विधान को ईश्वर भी नहीं बदल पाये थे, जो विधि के विधान में लिखा है, उसका जीवन में घटित होना आवश्यक है। जैसे भगवान श्री कृष्ण राधा को प्रेम करते थे,और मीरा भगवान श्रीकृष्ण को चाहती थी लेकिन उनका विवाह रुखमणी देवी के साथ होना निश्चित हुवा यही विधि का विधान है।बिना कष्ट,मेहनत और संघर्ष के मानव आपनी महानता प्राप्त नहीं कर सकता ध्यान रखें युवराज राम को भी भगवान श्रीराम बनने के लिये 14 वर्षों का वनवास जाना पड़ा था। इस अवसर पर सुशील शर्मा के साथ प्रमुख रूप से अरुण यादव, सचिन शर्मा, रामशंकर पटेल, गंगा जायसवाल, रणजीत यादव, लाला वर्मा, निर्मल वर्मा आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।

## छात्रों ने जाना साइबर सुरक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



पूर्व माध्यमिक शाला बंदारी में भटगांव थाना प्रभारी शिव कुमार धारी द्वारा साइबर सुरक्षा की जानकारी दी गई, जिसमें मोबाइल की उपयोग और दुरुपयोग पर उन्होंने कहा कि मोबाइल का दुरुपयोग हमारे जीवन को कष्ट में डाल सकता है। साइबर फ्रॉड से बचने हेतु प्रेरित किया। इसका सदुपयोग से हमारा जीवन उपयोगी बन सकता है। व्हाट्सएप के माध्यम गलत उपयोग विद्यार्थियों को नहीं करना चाहिए। अपने ज्ञान को बढ़ाने के लिए जी पी टी ऐप का तथा एआई का उपयोग करना चाहिए, लेकिन वह अनुशासित होकर ही करनी चाहिए। ऑनलाइन मोबाइल गेमिंग के दुरुपयोग से आर्थिक नुकसान हो सकता है। ऑनलाइन गेम खेलने से बच्चों में बहुत मानसिक रूप से क्षति होता है तथा अधिक नुकसान होता है। बैंकिंग धोखाधड़ी साइबर क्राइम के बारे में उन्होंने विस्तार से बच्चों को बताया। बच्चों को नशा न करने हेतु प्रेरित किया गया ।नशेड़ी मित्रों से दोस्ती या दूर रहने हेतु सलाह दी गई। होली पर्व पर बालको से नशा न करने के लिए प्रेरित की गई तथा सूखी होली खेलने हेतु बच्चों को सलाह दी। गांव से शहर जाते समय यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। जैसे लाल सिग्नल पर रुकना चाहिए पीले सिग्नल पर तैयार हो जाना चाहिए और हरी सिग्नल पर आगे बढ़ने चाहिए। आने वाली समय में परीक्षा के तैयारी लिए आप सभी जी जान से लग जाइए। अच्छे नंबरों से पास होना है, अच्छे नागरिक बनकर देश और समाज का सेवक बने। सदैव अपने गुरुओं का सम्मान करना चाहिए तथा पूर्व माध्यमिक शाला परिवार के प्रधान पाठक के पी साहू, राम कुमार साहू, रामनारायण देवांगन सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## चौक में अवैध शराब बिक्री से दूषित हो रहा माहौल



**कटगी ।** कसडोल क्षेत्र के ग्राम मल्दा में मल्दा-मल्दी चौक स्थित किराना दुकान में बेखौफ अवैध शराब की बिक्री होने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार यह स्थान मल्दी जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थी स्कूल जाने के लिए तथा महिलाएं आवागमन के लिए गुजरती हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि खुलेआम हो रही इस अवैध शराब बिक्री के कारण आसपास का माहौल खराब हो रहा है। राह चलते महिलाओं और विद्यार्थियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं गांव के लोगों ने यह भी चिंता जताई है कि इस तरह की गतिविधियों का नकारात्मक प्रभाव विद्यार्थियों पर भी पड़ रहा है और युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ने का खतरा है।

इस संबंध में आबकारी विभाग के सहायक जिला अधिकारी जेलश कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। यदि वहां अवैध शराब की बिक्री हो रही है तो तुरंत संज्ञान में लेते हुए जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## संवाद और समन्वय से जिले में विकास कार्य को मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिले के नये कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सोमवार को प्रेस वार्ता ली। उन्होंने जिले में कलेक्टर के रूप में पदस्थ होने पर गर्व होने की बात कही तथा संवाद और समन्वय से जिले में विकास को गति देने व योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक पहुंचाने पर जोर दिया।

कलेक्टर ने कहा कि यह जिला धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर से परिपूर्ण होने के साथ ही कृषि एवं औद्योगिक क्षेत्र में भी अग्रणी है। पर्यटन की भी बहुत अच्छी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि जिले में क़ानून- व्यवस्था के साथ ही शांति और सौहार्द्र बनाए रखने में सबका सहयोग जरुरी है। अधोसंरचना विकास के साथ ही विभिन्न योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।कृषि एवं उद्योगों में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के इण्डिकेटर में बेहतर कार्य से राज्य में अग्रणी जिला बनाने का प्रयास होगा। कलेक्टर ने कहा कि लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिये पूर्व की भांति जनदर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्या सुनी जाएगी। इसके साथ ही समय -समय पर कार्यालय में भी मुलाकात कर सकते हैं। इस दौरान पत्रकारों द्वारा उठाए गए समस्याओं एवं सुझाओं को गंभीरता से लेते हुए जांच उपरांत कार्यवाही करने का आश्वासन दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते एसडीएम प्रकाश कोरी सहित बड़ी संख्या में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## महिला समूह ने चलाया स्वच्छता अभियान



**खरोरा।** होली पर्व के उपलक्ष्य में आदर्श किसान महिला समूह ग्राम तुलसी की दीदियों द्वारा गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं ने पंचायत परिसर, चौक-चौराहों एवं गलियों की साफ-सफाई की। साथ ही ग्रामीणों को कचरा एकत्रित कर निर्धारित स्थान पर डालने तथा स्वच्छता बनाए रखने की जानकारी दी। समूह की अध्यक्ष विशु वर्मा के मार्गदर्शन में चिता वर्मा, पूर्णिमा वर्मा, सविता चौहान, तीजबती वर्मा, चम्पा कुर्रे, राधा वर्मा, जानकी वर्मा, बिरझा यादव सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से अभियान में शामिल रहीं। महिला समूह के इस प्रयास की ग्रामीणों ने सराहना की और गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया।

## चखना दुकानों में अवैध शराबखोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटगी




■ आबकारी विभाग ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

ग्राम पंचायत कटगी के बस स्टैंड और ग्रामीण बैंक के आसपास संचालित चखना दुकानों में खुलेआम शराब परोसे जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों की शिकायतों के बाद हुई पड़ताल में चिल्ली सेंटर सहित अन्य दुकानों में लोग सार्वजनिक रूप से शराब पीते पाए गए।

चखना दुकानदार अपने व्यापार के लालच में शराबियों को बैठने की खुली छूट दे रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि कार्रवाई होने पर भी मामूली जुर्माना 1000 भरकर वे छूट जाते हैं, जिससे उनके हौसले बुलंद हैं।

बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थल पर शराबखोरी से महिलाओं और विद्यार्थियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि शराबियों को बैठाकर शराब पिलाना गैर-कानूनी है। उन्होंने मात्र चालान कर मामले को समाप्त करने की बात को गलत बताते हुए इस पर त्वरित और कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इन अवैध गतिविधियों पर स्थायी रोक लगाई जाए ताकि क्षेत्र

## निर्माणाधीन सड़क की धूल से आमजन परेशान



**मुडपार-सरसीवां ।** सरसीवां से सरायपाली मार्ग में सड़क निर्माण कार्य शुरू है, लेकिन संबंधित ठेकेदार सड़क पर पानी का छिड़काव नहीं करने से लोगों की सेहत पर गहरा असर पड़ रहा है। मुख्य मार्ग के रहवासियों का जीना दूभर हो गया है। लोगों ने विभाग प्रमुख और संबंधित ठेकेदार से धूल से निजात पाने तत्काल दिन में 3 बार पानी छिड़काव करने की मांग की है।

विदित हो कि सरसीवां से सरायपाली मुख्य मार्ग के मातानाला से सरसीवा तक का डामरीकरण, सीसी रोड, पुल पुलिया निर्माण कार्य का ठेका मिला है।

सड़क का काम संबंधित ठेकेदार ने कार्य करवाना चालू तो करवा दिया है लेकिन संबंधित ठेकेदार ने सड़कों पर पानी का छिड़काव करना भूल जा रहे हैं, जिससे उड़ते हुए धुल से सरसीवां से सरायपाली मुख्य मार्ग पर आने जाने वाले लोगों को धूल की वजह से खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुड़पार, बिलासपुर, टाटा, मनपसार, हरदी, घरजरा के लोगों ने उड़ते धूल की वजह से सर्दी खांसी व दमा जैसे रोग की शिकायत की हैं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
27 फरवरी 2026
SHOW TIME
डार्लिंग प्यार झुकता नहीं दोबारा (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# रैंप योजना में 40 उद्यमियों ने सीखा खाद्य प्रसंस्करण और ब्रांडिंग के गुर

## माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस पर चतुर्थ बैच का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भारत सरकार की रैंप योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी), रायपुर के बैनर तले एवं राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम संस्थान, हैदराबाद के सहयोग से कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा में सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का चतुर्थ बैच का आयोजन हुआ।

तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण में लघु वनोपज एवं फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों, महिला उद्यमियों तथा स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों को माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस के वैज्ञानिक प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, आधुनिक पैकेजिंग, ब्रांड निर्माण, विपणन रणनीति, गुणवत्ता मानक, एफएसएसएआई लाइसेंस, जीएसटी पंजीयन एवं विभिन्न प्रमाणन प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में डॉ. अंगद सिंह राजपूत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा द्वारा ब्रांडिंग, मार्केटिंग एवं नवीन उत्पाद विकास पर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने आंवला के वैज्ञानिक प्रसंस्करण पर जानकारी देते हुए आंवला से मुरब्बा, आचार एवं कैंडी निर्माण की तकनीक, गुणवत्ता संरक्षण, शेल्फ लाइफ बढ़ाने के उपाय एवं बाजारोन्मुख पैकेजिंग के बारे में समझाया। साथ ही आम के प्रसंस्करण, पल्प निर्माण, वैल्यू एडेड उत्पाद तैयार करने एवं स्थानीय स्तर पर उद्यम स्थापना की संभावनाओं पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।



### प्रसंस्करण तकनीक, विपणन और स्वरोजगार पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया

प्रशिक्षक आनंद शर्मा ने प्रसंस्करण की उन्नत तकनीक, उत्पाद की शेल्फ लाइफ बढ़ाने के उपाय, लेबलिंग मानक, लागत निर्धारण, लाभ विश्लेषण एवं ऑनलाइन विपणन के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान इच्छुक प्रतिभागियों का उद्यम पंजीयन भी कराया गया। कार्यक्रम में बलौदाबाजार जिले के विभिन्न विकासखंडों से कुल 40 अभ्यर्थी शामिल हुए। इस दौरान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. प्रदीप कश्यप द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। उन्होंने प्रतिभागियों को प्राप्त ज्ञान का उपयोग कर स्वरोजगार स्थापित करने तथा स्थानीय लघु वनोपज आधारित उत्पादों को ब्रांड पहचान दिलाने प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### किसानों के खातों में पहुंची अंतर की राशि



**अर्जुनी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ने होली से पहले किसानों के खातें में अंतरित की गई राशि पर किसानों ने हर्ष जताया है। भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री ग्राम पंचायत अर्जुनी के उपसरपंच विष्णु साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार गांव गरीब और किसानों की सरकार है। सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है जो कहते हैं करके दिखाते हैं। इसका स्पष्ट जीता जागता उदाहरण है होली से पहले छत्तीसगढ़ के धान उत्पादक किसानों को बड़ी सौगात दी है। गांव गरीब और किसानों की सरकार भाजपा सरकार ने 10 हजार करोड़ से अधिक की धान बोनस राशि सीधे किसानों के खातों में अंतरित की गई ।

## निधन

### द्वारका प्रसाद साहू



**पलारी।** ग्राम सोनार देवरी के नागरिक द्वारका प्रसाद साहू 58 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्वजनों के अलावा आत्मीयजनों ने शोक प्रकट की, वे गोवर्धन साहू के पिता भूतपूर्व सरपंच कुंदन साव के भैय्या, पूर्व सरपंच सुनहर साहू के चाचा थे।

### रोमनाथ नायक



**बंगोली।** ग्राम बंगोली निवासी 80 वर्ष रोमनाथ नायक का 2 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम गौंटिया तालाब में किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल होकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। वे मृतक तोरण नायक, जागेश्वरी नायक, धामयंतीन नायक के पिता तथा पोषण चिंटू नायक के दादा थे।

### अशोक अग्रवाल



**बलौदाबाजार।** नगर के खैरघटा निवासी 70 वर्षीय अशोक अग्रवाल पिता स्व. राघवेंद्र लाल अग्रवाल का 2 फरवरी को निधन हो गया। उनके निधन से शहर में शोक की लहर है। स्व. अशोक अग्रवाल, संध्या फ्यूल के संचालक आशुतोष अग्रवाल एवं सुयश अग्रवाल के पिता थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार एवं शोकाकुल परिजन छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार 3 फरवरी स्थानीय मुक्तिधाम में प्रातः 7.30 बजे किया जाएगा।

## सांसद संतोष पाण्डेय और भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया

# भाजपा सरकार के बजट से प्रदेश के विकास को मिलेगी शानदार रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भाजपा कार्यालय भाटापारा में प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रेसवार्ता हुई। प्रेसवार्ता को सांसद संतोष पाण्डेय और भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने विस्तार से समझाया। सांसद संतोष पांडेय ने कहा बजट से समुचित विकास सुनिश्चित होने के साथ ही प्रदेश की आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। इस वर्ष बजट का मूल उद्देश्य संकल्प (SANKALP) यानी S -समावेशी विकास, A-अधोसंरचना, N-निवेश, K-कुशल मानव संसाधन, A-अंत्योदय, L-लाइवलीहुड और P-पॉलिसी से परिणाम तक रहा। उन्होंने कहा बजट में महिला, युवा, किसान, मध्यमवर्ग के हितों के साथ ही प्रदेश की आर्थिक प्रगति, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि जैसे क्षेत्रों के भी विकास की झलक देखने को मिली। खासकर बस्तर एवं सरगुजा और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों निवासरत परिवारों और वहां पर्यटन के विस्तार से लेकर स्थानीय निवासियों के सशक्तिकरण के लिए भी बजट में विशेष प्रावधान किये गए।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनंद यादव, अनु.जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगाड़े, भाजपा नेता राकेश तिवारी, महामंत्री कृष्णा अवस्थी, पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु, प्रदेश मंत्री पि.मोर्चा आशीष जायसवाल, जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा महाबल बघेल, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, ग्रामीण अध्यक्ष पवन वर्मा, महामंत्री उमाशंकर वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, पार्षद सतीश साहू सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के सदस्य उपस्थित थे।



### संकल्प को साकार करने वाला बजट

इस मौके पर सांसद संतोष पाण्डेय से रींवा बिलासपुर एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार रायपुर तक किये जाने की मांग उनके समक्ष रखी, जिस पर उन्होंने इसके लिए प्रयास करने की बात कही। शिवरतन शर्मा ने कहा छत्तीसगढ़ के विकास और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ ही विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के संकल्प को गति देने यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने वाला दूरदर्शी एवं जनहितैषी बजट है।

### कृषि, अधोसंरचना और जनकल्याण को समर्पित बजट

यह बजट प्रदेश की 3 करोड़ जनता की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। इस बजट में कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए विशेष प्रावधान कर अन्नदाता को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया गया है। साथ ही अधोसंरचना, सड़कों, सिंचाई, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक निवेश कर विकास की गति को और तेज करने का संकल्प लिया गया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनंद यादव, अनु.जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगाड़े, भाजपा नेता राकेश तिवारी, महामंत्री कृष्णा अवस्थी, पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु, प्रदेश मंत्री पि.मोर्चा आशीष जायसवाल, जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा महाबल बघेल, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, ग्रामीण अध्यक्ष पवन वर्मा, महामंत्री उमाशंकर वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, पार्षद सतीश साहू सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के सदस्य उपस्थित थे। यह बजट प्रदेश की 3 करोड़ जनता की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। इस बजट में कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए विशेष प्रावधान कर अन्नदाता को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया गया है। साथ ही अधोसंरचना, सड़कों, सिंचाई, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक निवेश कर विकास की गति को और तेज करने का संकल्प लिया गया है।

# पेंशनर एसोसिएशन के कार्यक्रम में शामिल हुईं सांसद कमलेश जांगड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

नगर में पेंशनर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सांसद कमलेश जांगड़े शामिल हुईं। उनका नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। रेस्ट हाउस में नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू एवं जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ व शॉल भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर नगर के विकास एवं आधारभूत सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई। नगर की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु प्रमुख चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए 25 लाख की स्वीकृति का आग्रह किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि वर्तमान समय में नगर की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और मजबूत निगरानी व्यवस्था से असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा। उन्होंने आगे कहा कि सीसीटीवी कैमरों की स्थापना से अपराध की घटनाओं में कमी आएगी संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा सकेगी तथा किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में प्रशासन को त्वरित कार्रवाई करने में सुविधा मिलेगी।

उन्होंने विश्वास जताया कि सांसद महोदया के सहयोग से यह योजना साकार होगी। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि संतोष दास वैष्णव, कृष्ण कुमार पटेल, निर्मला साहू, शीला वर्मा, अनिल श्रीवास, भगवती साहू, पार्षद पुरंदर मिश्रा, पार्षद पुष्पेंद्र साहू, दरसराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओ उपस्थित हुए थे।

# ब्लॉक स्तरीय किसान सम्मेलन में आधुनिक खेती और सरकारी योजनाओं पर जोर

**कसडोल/सेल।** कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत आयोजित विकासखंड स्तरीय किसान सम्मेलन में भाजपा मंडल कसडोल के अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के सभी ब्लाक मुख्यालय में यह कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के कृषकों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।

इस अवसर पर किसानों को शासकीय योजनाओं आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीज सिंचाई प्रबंधन तथा कृषि यंत्रीकरण के विषय में जानकारी प्रदान की गई। डॉ. मानिकपुरी ने कहा कि किसानों की समृद्धि ही प्रदेश एवं देश की आर्थिक मजबूती का आधार है। उन्होंने किसानों से शासन की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने तथा वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल कसडोल, टुण्ड्रा, कटगी और बया के सभी ज्येष्ठ श्रेष्ट कार्यकर्त्ता शामिल हुए थे। सम्मेलन में कृषि विभाग के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी किसानों की समस्याओं को सुना तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम ने कृषकों को नई तकनीक एवं योजनाओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया।




# उन्नत किस्मों की खेती से बेहतर उत्पादन की उम्मीद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम मुड़पार के प्रगतिशील किसानों ने इस रबी सीजन में उन्नत तकनीक और बेहतर बीजों के साथ खेती कर नई मिसाल पेश की है। किसान गोवर्धन नायक, खेम सिंह निषाद, कृष्ण कुमार ध्रुव, सनत कुमार वर्मा और राजू तिवारी ने बताया कि इस वर्ष 7 एकड़ में गेहूं तथा 10 एकड़ में बासमती धान की फसल लगाई है।

किसानों के अनुसार गेहूं की उन्नत किस्में जैसे डीवीडब्ल्यू 187, करण वंदना 222, एचडी 3226, पूसा यशस्वी 826 और डब्ल्यूएचओ 1105 की बुवाई की गई है। ये किस्में सिंचित क्षेत्रों के लिए उपयुक्त हैं तथा प्रति हेक्टेयर 60 से 80 क्विंटल तक उत्पादन देने की क्षमता रखती हैं। साथ ही इनमें रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक है और कम पानी में भी अच्छी पैदावार देता हैं। फसल 120 से 130 दिनों में तैयार हो जाती है, जिससे समय पर कटाई संभव होती है।

किसानों ने बताया कि आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के अन्य किसान भी प्रेरित हो रहे हैं। इस अवसर पर प्रगतिशील किसान गोवर्धन नायक, खेम सिंह निषाद, कृष्ण कुमार ध्रुव, सनत कुमार वर्मा, प्रेमनाथ वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, रामप्रसाद, भानु प्रताप वर्मा, सूरज कुमार निषाद और राजू तिवारी हैं।

# टीएलएम प्रदर्शनी व सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

संकुल केंद्र घिवरा के विभिन्न विद्यालयों में पदस्थ उत्कृष्ट शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा आकर्षक, मनोरंजक, उपयोगी और आधुनिकता से सुसज्जित सहायक शिक्षण सामग्री टी एल एम का प्रदर्शन किया गया, जिसमें संकुल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा सभी विषय आधारित प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक देवेंद्र सिंह ठाकुर ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा निर्मित व प्रदर्शित सहायक शिक्षण सामग्री की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि संकुल केंद्र घिवरा सदैव अपने अच्छे कार्यों के लिए अग्रणी रहा है और यहां कार्यरत शिक्षक और शिक्षिकाओं की अध्यापन व कार्यशैली उत्कृष्टता का प्रमाण है।

इस अवसर पर उपसरपंच ममता रातड़े सहित पंचायत के अनेक जनप्रतिनिधि, शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह के अध्यक्ष नितेश चेलक, प्राथमिक शाला मादाडीह के अध्यक्ष दीपक तांडी सहित प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला घिवरा के शाला प्रबंधन समिति के अनेक महिला पदाधिकारी, संकुल के शिक्षक शिक्षिकाएं केवल दास बंजारे, खेलावन प्रसाद यादव, मेनका वर्मा, सेवती ठाकुर, राजेश वर्मा, कामदेव वर्मा, अमरौतिन बांधे, पुष्पलता जांगड़े, मनीषा बंजारे, सुरेंद्र कोसरिया, गिरधर प्रसाद साहू, कलावती ध्रुव, पूर्णिमा निषाद, वंदना शर्मा, सावित्री वर्मा सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, ग्राम के युवा उपस्थित थे।





### 11 विद्यालयों के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्षों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया

घिवरा संकुल समन्वयक कैलाश बघेल की भी सराहना करते हुए कहा कि यह ऐसे समन्वयक है जो जिला स्तर के अनेक कार्यों, ब्लॉक स्तर के कार्यों के साथ साथ संकुल में भी स्वयं अच्छा करते हुए अपने संकुल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रेरित करते है। प्रदर्शनी कार्यक्रम में सभी 11 विद्यालयों के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्षों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, साथ ही संकुल केंद्र घिवरा के सभी गतिविधियों को मीडिया में विशेष पहचान दिलाने वाले रोहित वर्मा को भी संकुल केंद्र घिवरा के द्वारा सम्मानित किया गया। विषय संबंधी सहायक शिक्षण सामग्री प्रदर्शित करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## गूंजा फाग गीत, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# फूलों और गुलाल से छात्रों ने मनाई ईको-फ्रेंडली होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

ज्ञानोदय स्कूल हिरमी में होली मिलन समारोह हुआ। पूरा स्कूल परिसर अबीर-गुलाल के रंगों, नगाड़ों की थाप और फाग गीतों की मधुर गूंज से सरोबार रहा। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण ईको-फ्रेंडली होली रही, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को प्रकृति प्रेम और जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

उत्सव का आगाज ढोल-मंजीरों और नगाड़ों की पारंपरिक थाप के साथ हुआ। जैसे ही शिक्षकों ने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति के प्रतीक फाग गीत शुरू किए, छात्र-छात्राएं उत्साह से झूम उठे। हवा में उड़ते गुलाल और बच्चों के उल्लास ने वातावरण को सतरंगी बना दिया। इस आयोजन ने आधुनिकता के दौर में नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और लोक संस्कृति से रूबरू कराया।



प्राचार्य पीआर वर्मा ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने जल संकट की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम और सद्भाव का संगम है। वर्तमान जल संकट को देखते हुए हमें अपनी खुशियों के लिए पानी बर्बाद करने का हक नहीं है। फूलों की होली खेलकर हम न केवल अपनी परंपरा का सम्मान करते हैं, बल्कि पर्यावरण को भी सुरक्षित रखते हैं।

प्राचार्य की अपील पर बच्चों ने एक-दूसरे पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाईं और सूखी होली खेलने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को भक्त प्रहलाद और होलिका की पौराणिक कथा सुनाई, जो अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। बच्चों को बताया गया कि होली का पर्व हमें तीन मुख्य प्रेरणाएं देता है।

कठिन समय में भी अडिग रहने पर जीत सत्य की ही होती है। गुलाल लगने के बाद हर चेहरा एक जैसा दिखता है, जो ऊंच-नीच और भेदभाव मिटाने का संदेश है। पुरानी कड़वाहट को भुलाकर रिश्तों में नए रंग भरने का यह श्रेष्ठ समय है।

